खबर संक्षेप

## महिला से 1.26 लाख लाख रूपए की ठगी

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत मानसरोवर कॉलोनी में एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। शातिर ठग ने झांसा देकर महिला के खाते से 1,26,300 रुपये साफ कर दिए। जानकारी के अनुसार हेमलता उर्मलिया 38 वर्ष को ट्रांसपोर्ट के लिए ट्रक की आवश्यकता थी। इसी दौरान उनका संपर्क मोबाइल नंबर 8858454161 के धारक से हुआ। आरोपी ने खुद को ट्रांसपोर्टर बताकर ट्रक बुकिंग की बात तय की। ठग ने विश्वास में लेने के बाद बुकिंग प्रक्रिया के नाम पर हेमलता के व्हाट्सएप पर एक QR कोड (स्कैनर) भेजा। आरोपी ने निर्देश दिया कि इस कोड को स्कैन करते ही बुकिंग कन्फर्म हो जाएगी। जैसे ही प्रार्थिया ने प्रक्रिया पूरी की, उनके बैंक खाते से किस्तों में कुल 1,26,300 रुपये कट गए। ठगी का अहसास होने पर जब महिला ने उक्त नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की तो आरोपी ने फोन बंद कर लिया। पुलिस ने दर्ज किया मामलाघटना की शिकायत 17 मार्च की रात करीब 9:00 बजे माधवनगर थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4) और 319(2) के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है। साइबर सेल की मदद से उक्त मोबाइल नंबर की लोकेशन और बैंक ट्रांजैक्शन डिटेल खंगाली जा रही है।

## अलग अलग क्षेत्रों में हुई मारपीट की कई घटनाएं

**कटनी।** बरही, माधवनगर, कुठला और कैमोर थाना क्षेत्रों में मारपीट की घटनायें हुई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बरही थाना अंतर्गत बिचपुरा रोड पर अनिल दुबे और बलिराम वर्मन के बीच विवाद हुआ। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों की शिकायतों पर परस्पर विरोधी मामले दर्ज किए हैं। इसके अलावा, ग्राम उबरा में भी खेत के विवाद को लेकर गयाराम पटेल के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। कैमोर थाना के ग्राम अमुवारी में कृष्णलाल कुशवाहा पर रवि, अंकित और वृंदावन कुशवाहा ने एकराय होकर हमला कर दिया। आरोपियों ने न केवल गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर चोटें भी पहुँचाईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 118(1) और 351(2) BNS के तहत मामला दर्ज किया है। माधवनगर थाना के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कृष्ण कुमार पटेल के साथ सतीश और एक अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट की। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने शराब पीने के लिए पैसों की मांग की थी और इनकार करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

## बस स्टैण्ड ऑडिटोरियम में विक्रमोत्सव आज

**कटनी।** भारतीय नव वर्ष सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत के आरंभ और गुड़ी पड़वा के अवसर पर गुरूवार 19 मार्च को प्रातः 10 बजे बस स्टैण्ड स्थित ऑडिटोरियम में भव्य 'विक्रमोत्सव' मनाया जाएगा। गुरूवार को सुबह 10 बजे संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी के मुख्य आतिथ्य में कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही प्रमुख मंदिरों और शासकीय भवनों पर ब्रम्हध्वज स्थापित किया जाएगा और बस स्टैण्ड ऑडिटोरियम में नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य का भव्य मंचन भी होगा। विक्रमोत्सव कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने इसके लिए एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी को समन्वय अधिकारी नियुक्त किया है। जबकि उपायुक्त नगर निगम शैलेष गुप्ता को नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी के तौर पर शासकीय तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील बाजपेई और जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरि को नियुक्त किया है। एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी ने नागरिकों से नाट्य प्रस्तुति सम्राट विक्रमादित्य को देखने ऑडिटोरियम में पहुंचने का लोगों से आग्रह किया है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में दिये निर्देश

# जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर करें ब्लैकलिस्ट, करायें एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक जल पहुंचाना योजना का अहम उद्देश्य है। इसलिए इसके मैदानी क्रियान्वयन में शिथिलता और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और जवाबदेही तय करते हुये कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि कार्य में वांछित प्रगति के लिये रूचि नहीं लेने और सुस्त व लचर कार्यप्रणाली वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही करें। इसके साथ ही गंभीर किस्म की कोताही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई जाय। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह निर्देश बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये दिया।

बैठक में जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, सभी एसडीएम, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, नगर निगम जल प्रदाय के अधिकारी तथा लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री पवनसुत गुप्ता सहित पीएचई विभाग के सहायक यंत्रियों व उप यंत्रियों की मौजूदगी रही।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत वर्तमान में पूर्ण हो चुकी सभी नल जल प्रदाय योजनाओं का ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बंद और बिगड़े हैंडपंप तथा जिन हैंडपंपों का जलस्तर गर्मी की वजह से कम हो गया है, उनके सुधार और मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बताया गया कि सभी 6 विकासखंडों में 166 सुधार योग्य और 402 ऐसे हैंडपंप है जिनका जलस्तर कम हो गया है। कलेक्टर ने तत्काल कम जल स्तर वाले हैंडपंपों में राइजर पाइप डालकर हैंडपंपों की गहराई बढ़ाने और सभी बिगड़े व मरम्मत योग्य हैंडपंपों में सुधार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने एसडीएम सहित सभी अधिकारियों को पेयजल समस्या के निराकरण करने हेतु स्थापित कंट्रोल रूम को जिला स्तर, अनुविभाग स्तर और विकासखंड स्तर पर सक्रिय करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणो से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाना सुनिश्चित हो, ताकि ग्रीष्मकाल के मद्देनजर गांवों में पेयजल की समस्या का सामना ग्रामीणों को न करना पड़े।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि जिले के बहोरीबंद और रीठी विकासखंडों के जिन गांवों में ग्रीष्म ऋतु में जल स्त्रोत सूख जाते हैं, उन गांवों में परिवहन कर पेयजल मुहैया कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री गुप्ता को निर्देशित किया कि वे सीएम हेल्पलाइन में पेयजल से संबंधित शिकायतों और विशेषकर हैंडपंपों के सुधार व मरम्मत से संबंधित शिकायतों का प्रमुखता से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक में कार्यपालन यंत्री श्री गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में कुल 893 ग्राम हैं, जिसमें 683 ग्रामों मे एकल ग्राम नल जल योजना का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। 683 ग्रामों मे एकल ग्राम नल जल योजना मे 469 ग्रामों के मूल स्वीकृत योजना का कार्य पूर्ण कर दिया गया हैं, जिसमें 333 योजनाए ग्राम पंचायत को हस्तांतरित की जा चुकी है। 187 योजना का कार्य प्रगतिरत हैं एवं 26 योजनाओं का कार्य स्त्रोत प्राप्त नहीं होने से अप्रारम्भ हैं।

# युवक से 50 हजार रूपए कीमती गांजा किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




एनकेजे पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर साढ़े तीन किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 50 हजार रुपये आंकी गई है।

थाना प्रभारी रुपेश सिंह ने बताया कि बुधवार को एएसआई केवल उइके अपने स्टाफ (प्रधान आरक्षक प्रहलाद सिंह, राजकुमार शर्मा और आरक्षक जयंत कोरी के साथ थाना मोबाइल से क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान पुलिस टीम बाबाघाट रोशननगर कच्ची रोड स्थित सन्यासी बाबा के पास पहुंची।

वहां एक संदिग्ध व्यक्ति सफेद रंग का थैला लिए बैठा दिखाई दिया। पुलिस की गाड़ी देखते ही वह घबरा गया और पकड़े जाने के डर से पास की झाड़ियों में छिप गया। पुलिस टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए घेराबंदी की और उसे झाड़ियों से बाहर निकाला।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम छंगा उर्फ राम विलास निषाद (उम्र 35 वर्ष, निवासी प्रेमनगर, तिलक कॉलेज के पास, थाना एनकेजे) बताया। पुलिस ने उसके पास रखे सफेद थैले की तलाशी ली, जिसमें दो पॉलिथीन और खाकी टेप से लिपटे हुए दो पैकेट मिले।

पैकेट खोलने पर उसमें हरी पत्तीदार, बीज युक्त वनस्पति पदार्थ मिला। पुलिस अधिकारियों द्वारा सूंघने और रगड़कर परीक्षण करने पर उसकी पहचान तीक्ष्ण गंध वाले गांजे के रूप में हुई। तौल करने पर गांजे का कुल वजन 3 किलो 504 ग्राम पाया गया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 50,000 रुपए है।

आरोपी छंगा उर्फ राम विलास निषाद के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

*जल संयंत्रों का किया निरीक्षण, बैठक में पेयजल व्यवस्था की हुई समीक्षा*

# महापौर ने ग्रीष्मकाल में पेयजल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने अधिकारियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा मंगलवार, 17 मार्च को एमआईसी सदस्य एवं संबंधित अधिकारियों के साथ जल व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक से पूर्व महापौर द्वारा शहर के बैराज एवं जल शोधन संयंत्रों का निरीक्षण भी कर जल संग्रहण, जल उपलब्धता, फिल्ट्रेशन एवं शुद्धिकरण व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अमकुही स्थित 20 एमएलडी एवं सुरम्य पार्क के समीप स्थित 9 एमएलडी जल शोधन संयंत्रों की कार्यप्रणाली ,फिल्टर यूनिट्स, ब्लीचिंग डोजिंग सिस्टम, एयर कंप्रेसर मशीन एवं जल शुद्धिकरण की विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि किस प्रकार कच्चे पानी को विभिन्न चरणों से गुजारकर शुद्ध एवं पेय योग्य बनाया जाता है।

महापौर ने संयंत्रों में संधारित स्टॉक रजिस्टर का भी अवलोकन किया एवं निर्देशित किया कि सभी आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे, जिससे जल शुद्धिकरण प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित होती रहे।

महापौर ने जल व्यवस्था की समीक्षा बैठक लेते हुए बैराज की वर्तमान स्थिति, टैंकर एवं ट्रैक्टर के माध्यम से जल आपूर्ति, ट्यूबवेल की स्थिति, वार्डों में पानी सप्लाई का समय, टंकियों की स्थिति, निगम सीमांतर्गत लगाए जा रहे प्याऊ, क्षतिग्रस्त पाइपलाइन, पानी की गुणवत्ता हेतु जांच, खदानों में जल उपलब्धता तथा नए कनेक्शनों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। इसके साथ ही अमृत योजना-2 के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों व वार्डों में जल व्यवस्था से संबंधित कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में बढ़ती जल मांग को देखते हुए पूर्व से ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग, रख-रखाव एवं तकनीकी निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, फिल्टर प्लांट्स की समय-समय पर सफाई, को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

## ईद पर्व को लेकर बाजार में दिखने लगी चहल पहल



शहर के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में ईद के नजदीक आते ही त्योहार की चहल पहल बढ़ गई है। घरों में ईद की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। खरीदारी को लेकर भी बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। महंगाई की मार के बावजूद कपड़े से लेकर फलों व ड्रायफ्रट्स की जमकर खरीदारी हो रही है। शहर के मिशन चौक, पुरानी बस्ती सहित दूसरे मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में सेवाइयों, फलों से लेकर कपड़े, ड्रायफ्रूट्स की खरीदारी करते लोग देख जा रहे है। रमजान में माहभर इबादत व इस दौरान उपयोग में लाए जाने वाले सामानों का स्टॉक व्यापारियों द्वारा पहले से ही कर लिया गया है। ईद को लेकर बाजार में चहल पहल बढ़ गई है। मिशन चौक क्षेत्र में इन दिनों रंग बिरंगी सेवाइयां की दुकान सजी है। यहां प्रयागराज, बनारस, गुजरात से लाई गई अच्छी क्वालिटी की सेवाइयों की पूछ-परख ज्यादा है। इसमें डबल फ्राई 110 रुपए, फेमिली सेवाई डिब्बा 120, लच्छा सेवाई 90 से 130, सादी सेवाई 90 रुपए तक बिक रही है। मुंबई की फेनी खास पसंद की जा रही है।

# एसीसी ने प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग के माध्यम से दी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अदाणी पोर्टफोलियो का हिस्सा और निर्माण सामग्री व समाधान क्षेत्र की सबसे तेज़ी से बढ़ती कंपनियों में से एक एसीसी, मध्य प्रदेश में जमीनी स्तर के पेशेवरों को संरचित तकनीकी सहयोग और साइट पर समर्थन के माध्यम से सशक्त बना रही है। कटनी में ठेकेदार शैलेन्द्र गुप्ता की यात्रा इस बात का उदाहरण है कि कैसे प्रशिक्षण, सेवाओं और विश्वसनीय सामग्रियों तक पहुंच, महत्वाकांक्षा को उपलब्धि में बदल सकती है।

शैलेन्द्र ने अपने करियर की शुरुआत एक सुपरवाइजर के रूप में की थी और धीरे-धीरे छोटे निर्माण प्रोजेक्ट्स को संभालने लगे। उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उन्होंने एसीसी द्वारा आयोजित एक ठेकेदार बैठक में भाग लिया, जहां उन्हें आधुनिक निर्माण पद्धतियों की जानकारी मिली। इस सहयोग और अनुभव से प्रेरित होकर उन्होंने जल्द ही अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार पूरे जिले में करना शुरू कर दिया।

आज शैलेन्द्र कटनी में 10 से 12 सक्रिय निर्माण स्थलों का संचालन कर रहे हैं और अपने लगभग सभी प्रोजेक्ट्स में एसीसी उत्पादों का उपयोग करते हैं। उन्हें एसीटी (एसीसी सर्टिफाइड टेक्नोलॉजी) सेवाओं, ठेकेदार कार्यशालाओं और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलता है, जिनसे उनके काम की गुणवत्ता और दक्षता में निरंतर सुधार हुआ है। वे 'रिवॉर्ड्स कनेक्ट' कार्यक्रम में भी भाग लेते हैं, जिसके माध्यम से उन्हें उनके निरंतर जुड़ाव के लिए पहचान मिलती है।

एक कुशल ठेकेदार होने के साथ-साथ, शैलेन्द्र अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के लिए भी जाने जाते हैं—वे स्थानीय श्रमिकों का समर्थन करते हैं और क्षेत्र के विकास में योगदान देते हैं। उनकी यह यात्रा एसीसी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत तकनीकी विशेषज्ञता, विश्वास और सामुदायिक प्रभाव के माध्यम से ठेकेदारों के विकास को बढ़ावा दिया जाता है।

## डिप्टी कलेक्टर के वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो घायल



**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत माधवनगर गेट के समीप अधिवक्ता विवेक जैन और टाइपिस्ट रिंकू सिंह ठाकुर सड़क हादसे का शिकार हो गए। डिप्टी कलेक्टर के वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिवक्ता विवेक जैन ने बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब वे अपनी बाइक से जा रहे थे। पीछे से आ रही डिप्टी कलेक्टर की बुलेरो क्रमांक MP 19 ZL-5117 की रफ्तार अधिक जिस से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और बाइक को टक्कर मार दी। विवेक जैन को अधिक चोटें आने के कारण उन्हें तत्काल बरगंवा स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं रिंकू सिंह ठाकुर को भी चोटें आई हैं। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भागने की कोशिश कर रहा था लेकिन घटनास्थल पर मौजूद सजग लोगों ने पीछा करके वाहन को रोक लिया।

# जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की वारदातें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातें सामने आई हैं। जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद थाना के ग्राम महगवां बडखेरा स्थित ग्राम पंचायत भवन में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर सरकारी संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। पंचायत में लगे सेटअप बॉक्स की सामग्री, राउटर, तेजस UPS और एक्साइड बैटरी सहित करीब 80,000 रुपये का सामान चोरी हो गया है। राजेश कुमार मौर्य की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

वहीं बहोरीबंद थाना के नगर के राम मंदिर के पास रहने वाली पूजा गुप्ता के घर में दोपहर 12:00 से 2:30 बजे के बीच चोरी की वारदात हुई। अज्ञात चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाकर घर में प्रवेश किया और करीब 15,000 रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। इसी तरह कोतवाली थाना अंतर्गत नई बस्ती सावरकर वार्ड में विमल जैन के घर से अज्ञात चोरों ने काँसे के लोटे, कटोरे और थालियाँ चोरी कर लीं। चोरी गए इन बर्तनों की कीमत करीब 8,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने धारा 303(2) BNS के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

इसी तरह माधवनगर थाना अंतर्गत समदड़िया कॉलोनी में भी देर रात करीब 02:00 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी के घर में चोरी की नियत से घुसने का प्रयास किया। हालांकि हो हल्ला होने के कारण चोर सफल नहीं हो सका, लेकिन इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने सभी मामलों में घटनास्थल का मुआयना कर संदिग्धों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### पालकी पर सवार होकर आएगी मां दुर्गा, सज गये माता के दरबार

# चैत्र नवरात्र पर्व आज से, नौ दिनों तक बहेगी भक्ति की बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



आदिशक्ति मां जगतजननी भक्ति, आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि का आगाज आज गुरुवार 19 मार्च से शुरू हो रहा है जो 27 मार्च को रामनवमी के साथ समापन होगा। पंडितों के अनुसार इस बार की नवरात्र ग्रह-नक्षत्रों के एक ऐसे अद्भुत संयोग के साथ आ रही है, जो पिछले कई वर्षों में नहीं देखा गया। पहले ही दिन चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या, प्रतिपदा और गौतम जयंती का विशेष त्रिवेणी संयोग बन रहा है, जो इस पर्व की महत्ता को और बढ़ा रहा है। इस बार कई साल बाद एक खास संयोग बन रहा है, जब नवरात्र पुराने साल में शुरू होकर नए साल में खत्म होंगे।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि सनातन परंपरा के अनुसार हिंदू नववर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है और इसी दिन से विक्रम संवत भी शुरू माना जाता है, लेकिन इस बार प्रतिपदा तिथि के क्षय होने की वजह से नया संवत सीधे द्वितीया तिथि से आरंभ होगा। इस वर्ष लगभग 90 वर्षों बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है जब माता दुर्गा पालकी पर सवार होकर पृथ्वी लोक पर पधारेंगी। माता का पालकी पर आगमन जनमानस के लिए मिश्रित फलदायी माना जाता है और यह विश्व में कुछ अशांति व उथल-पुथल के संकेत देता है। हालांकि राहत की बात यह है कि माता की विदाई हाथी पर होगी। हाथी पर विदाई को अत्यंत शुभ माना गया है जो देश में सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम वर्षा का सूचक है।

इस बार नवरात्र में कई योगों का महासंयोग बन रहा है!नवरात्रि मैं इस बार सर्वार्थ सिद्दि योग का महा संयोग बन रहा है।चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है।

चैत्र नवरात्र पर कलश स्थापना के साथ माता शैलपुत्री की पूजा होगी। देवी मंदिरों मैं 9 दिनों तक उमड़ेगा भक्तो का सैलाब-चैत्र नवरात्रि पर्व पर 9 दिनों तक मातारानी के दरबार मे भक्तो का तांता लगेगा जहाँ मातारानी की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की जाएगी।चैत्र नवरात्रि को लेकर मातारानी के दरबार सज-धज कर तैयार हो गए है। 19 मार्च को घट स्थापना के साथ ही देवालयों में मन्नत कलश भी बोए जाएंगे।

बहोरीबंद विकासखण्ड के प्रमुख खड़रा स्थित शारदा मंदिर, तिंगवा स्थित शारदा मंदिर, पहरुआ स्थित टिंशन माता मंदिर व स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मैं 9 दिनों तक भक्तो का सैलाब देखने को मिलेगा।देवी नवाहयज्ञ आज से-वही चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर स्लीमनाबाद स्थित 500 वर्ष पुराने आदिशक्ति चंडी माता मंदिर मे देवी भागवत नवाहयज्ञ का आयोजन होगा जिसमें देवी भागवत का वाचन पंडित दिलीप पौराणिक के द्वारा किया जाएगा।

### मां वीरासन देवी मंदिर में नवरात्र का मेला आज से

मां वीरासन देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र का मेला आज से शुरू होगा। मंदिर के मुख्य पुजारी सौरभ दुबे ने बताया कि मां वीरासन देवी मंदिर के भक्त जो ही आस्था और भक्ति के साथ मुराद मांगे है वह जरूरी पूरी होती है। आज से 30 साल पहले के लोग को मां वीरासन आवश्यकता पड़ने पर पैसे से सहयोग देती थी। भक्त भी अपनी जरूरत पूरी होने के बाद पैसे वापस करते थे। नवरात्र में यहां भक्तों की भीड़ उमड़ती है।

## प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने की थी खुदकुशी, पति पर मामला पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम कूड़न में एक विवाहिता द्वारा आत्महत्या किये जाने के मामले में जांच पड़ताल के बाद यह सामने आया कि पति द्वारा लगातार दी जा रही मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने जहर खाकर अपनी खुदकुशी की थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी पति के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कूड़न की निवासी ललिता चौधरी 30 वर्ष का विवाह वीरेंद्र चौधरी 33 वर्ष के साथ हुआ था। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। ललिता के परिजनों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार वीरेंद्र अक्सर छोटी-छोटी बातों पर ललिता को प्रताड़ित करता था। घटना 2 मार्च, 2026 की दोपहर करीब 1:30 बजे की है। रोज-रोज के कलेश और प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर ललिता ने अपने ही घर में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस की कार्रवाई और नई धारा 108 BNS घटना के बाद बहोरीबंद थाने के सउनि चूड़ामणि पाण्डे ने मामले की जांच शुरू की। मृतिका के बयानों और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने पाया कि ललिता को आत्महत्या के लिए उकसाने में उसके पति की मुख्य भूमिका थी। पुलिस ने आरोपी पति वीरेंद्र चौधरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। 17 मार्च को पुलिस ने औपचारिक रूप से एफआईआर दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### 16 लोगों पर 3 हजार 200 रुपये का जुर्माना

**कटनी।** नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु निगम प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार शाम नगर के जोन क्रमांक 1, 3, 4 एवं जोन क्रमांक 7 माधव नगर में चलाए गए अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित 16 व्यक्तियों पर कुल 3 हजार 2 सौ रुपये का जुर्माना लगाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम प्रशासन नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के के लिए दो शिफ्ट में निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था मुहैया कराने के साथ ही स्वच्छता नियमों का पालन नहीं करने वालों पर स्पॉट फाइन की कार्यवाही करते हुए डस्टबिन का प्रयोग कर बेहतर सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की कार्यवाही निरंतर जारी है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखें एवं कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें, जिससे शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के प्रयासों को मजबूती मिल सके।

### अभियान चलाकर वार्डों में छोड़ा जा रहा रासायनिक धुआं

**कटनी।** नगर निगम द्वारा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से रासायनिक धुआं (फॉगिंग) किया जा रहा है, जिससे मच्छरों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण पाया जा सके। निगम प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीमों को सक्रिय करते हुए शाम के समय फॉगिंग कराई जा रही है। इस अभियान में विशेष रूप से जलभराव वाले क्षेत्रों, नालियों, कचरा स्थलों एवं घनी आबादी वाले इलाकों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां मच्छरों के पनपने की अधिक संभावना रहती है। उक्त स्थलों में हैंड स्प्रे पंप के माध्यम से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी किया जा रहा है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार फील्ड अमला लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक वार्ड में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार फॉगिंग कार्य संपन्न हो। अभियान के तहत विगत दिवस वार्ड क्रमांक 45, कृष्ण धाम कालोनी, वार्ड क्रमांक 38 संजय नगर सहित नगर के अन्य स्थलों में फागिंग मशीन से धुंए का छिड़काव सहित प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के दौरान कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अपने घरों और आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, पानी का ठहराव न होने दें और आवश्यक सावधानियां बरतें, ताकि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव संभव हो सके।

### फारेस्टर वार्ड में जल गुणवत्ता की जांच में नहीं मिली गड़बड़ी

**कटनी।** नगर निगम द्वारा जल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करते हुए फॉरेस्टर वार्ड में व्यापक निरीक्षण एवं गुणवत्ता जांच की गई। जयहिंद चौक से रंगनाथ मंदिर रोड के मध्य स्थित एक भवन में गंदे पानी की आपूर्ति की सूचना मिलने पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर पहले वाल्व एवं कुछ नल कनेक्शनों की मरम्मत कराई गई, जिसके पश्चात आज बुधवार प्रातः 7 बजे से पुनः जल गुणवत्ता परीक्षण कराया गया। निर्देशानुसार प्रातः से ही जल प्रदाय शाखा के उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव एवं केमिस्ट मानेंद्र सिंह द्वारा जल प्रदाय की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शिकायतकर्ता मंगल सिंह के निवास पर जल आपूर्ति की जांच की। जांच के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा जल की गुणवत्ता संतोषजनक बताई गई। उपयंत्री श्री श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भी जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी ली गई, जहां नागरिकों ने स्वच्छ एवं शुद्ध पानी मिलने की पुष्टि की। साथ ही एहतियात के तौर पर वार्ड के विभिन्न स्थलों से जल के नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजे गए हैं।

---

### बाकल में रोड के निरीक्षण करने पहुंचे पीडब्ल्यूडी एसडीओ, मीडिया के सवालों से किया किनारा

# डेढ़ करोड़ रूपए से बन रही सड़क में मिली कई अनियमितताएं, ठेकेदार को बचाते दिखे एसडीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद





बाकल में 1 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से बन रही पीडब्ल्यूडी विभाग की सड़क में अनियमितता के बाद ग्रामीणों की शिकायत के बाद बुधवार को पीडब्ल्यूडी एसडीओ रविन्द्र बत्रा निरीक्षण में पहुंचे निरीक्षण करने के बाद बहुत सी खामियां सामने आने के बाबजूद भी किसी भी प्रकार के निराकरण के लिए उनके द्वारा मौके पर ठेकेदार को आदेशित नहीं किया गया और जब ग्रामीणों ने उनसे सवाल जवाब किए तो एसडीओ उनसे बचते नजर आए उसकी पूरी भाषा शैली ठेकेदार को बचाने और कार्य में लीपापोती करने की नजर आई है।

मीडिया ने उनके निरीक्षण से संबंधित सवाल किए तो उन्होंने जवाब देने से साफ इनकार कर दिया और जब ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी से रोड के स्टीमेट डीपीआर की मांग की तो एसडीओ गुस्से में आ गए और कहा जिसको डीपीआर चाहिए वह मेरे ऑफिस आ जाएगा तो में उसे डीपीआर दिखा दूंगा।

गौरतलब है कि बहोरीबंद के बाकल में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा लगभग 1.5 करोड़ रु की लागत से शुक्ला कालोनी मुख्य मार्ग से बाजार पहुंच मार्ग बनाया जा रहा है जिसमें लगातार अनियमितता और गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते अब ग्रामीण एक स्वर में विरोध की आवाज बुलंद कर रहे है। बाकल मुख्य मार्ग से पुरानी बाजार पहुंच मार्ग तक पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से बन रही सड़क को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना बेस डालें सीधे रोड बनाई जा रही है ना बेस बनाया जा रहा है ना रोलर चलाया जा रहा है सिर्फ सफेद गिट्टी डालकर डायरेक्ट रोड निर्मित निर्माण किया जा रहा है जिसकी थिकनेस भी बहुत कम है। रोड निर्माण दौरान साइड में पटरे नही लगाए जा रहे है जिस से रोड सर्प आकार में घूम गई है। अभी तक हुए रोड निर्माण कार्ये में बाइब्रेटर का उपयोग नही किया गया है। सीमेंट भी उच्च क्वालिटी का उपयोग नहीं किया जा रहा है।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि मौके पर ना ठेकेदार उपस्थित रहते हैं न इंजीनियर उपस्थित रहते हैं कॉल करने पर एक दूसरे पर डालते है इसके पूर्व में भी एक बार ग्रामीण जनों द्वारा एसडीओ से शिकायत की गई थी उसके बाद मौके पर उपस्थित होकर उन्होंने भी घटिया निर्माण कार्य होना स्वीकार किया था ओर तत्काल 17 मीटर रोड तोड़ने के निर्देश दिए थे किंतु ठेकेदार की मनमानी एसडीओ के आदेश पर भी भारी है। आज दिनांक तक 17 मी रोड तोड़ी नहीं गई है और उसी तरह बिना बेस के सीधी रोड डाल दी गई है जो कि पूरा निर्माण कार्य मनमर्जी से किया जा रहा है। ग्रामीण जनों द्वारा संपर्क करने पर कॉल नहीं उठाया जाता है। वही राजेश जैन ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन लगाए जाने पर बिना निराकरण के डायरेक्ट पीडब्ल्यूडी में भाग द्वारा बंद कराई जा रही है जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मौके पर ना साइन बोर्ड बना हुआ है ना रोड में कोई बैरिकेड रखे हुए हैं ना कोई डीपीआर की जानकारी देने तैयार है रोड में साइन बोर्ड और बैरिकेड ना होने के कारण कभी भी रात में बड़ी दुर्घटना घट सकती है। रोड निर्माण के दौरान डीपीआर में इलेक्ट्रॉनिक पोल शिफ्टिंग का भी प्रावधान है रोड की चौड़ाई पर्याप्त है किंतु फिर भी विभाग द्वारा बिना पोल को शिफ्ट करें डायरेक्ट सीसी निर्माण किया जा रहा है जबकि डीपीआर में पोल शिफ्टिंग का स्पष्ट प्रावधान है। मौके पर विशाली रैदास, तिजिया बाई, प्रखर मोदी, भास्कर राजपूत, राजेश जैन, अनिल दुबे, शंकर सिंह ठाकुर, शिवविजय नारायण सिंह राजपूत, क्रोषि जैन, नरेश पटेल शुभम सोनी उर्फ गम्मू आदि मौजूद थे।

---

### अलग अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, दो हुए घायल

**कटनी।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो युवाओं की मृत्यु हो गई जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की नई धाराओं के तहत मामले दर्ज किए हैं। जानकारी के अनुसार कुठला थाना क्षेत्र के पन्ना मोड़ स्थित कोहरी नदी पुलिया के पास एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा MP-21-ZG-8562 अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में महेंद्र पटेल 25 वर्ष निवासी कुठला को गंभीर चोटें आने से उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 106(1) BNS के तहत मामला दर्ज किया है। इसी तरह स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत एनएच-30 हाईवे पर गुड्डा ढाबा के पास वाहन क्रमांक MP-21-ZC-3689 ने राजेश रजक 45 वर्ष को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने धारा 281 और 106(A) BNS के तहत प्रकरण दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। उमरियापान थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हनी में ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए किशन कुमार कोल 32 वर्ष को टक्कर मार दी। घायल किशन को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

*प्रातःकालीन औचक निरीक्षण कर अमले को दिये दिशा निर्देश*

# आयुक्त ने तीन वार्डों में पैदल भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं, लिया फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहा द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रातःकालीन औचक निरीक्षण लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार को निगमायुक्त शहर के वार्ड क्रमांक 7, 8 एवं 10 के विभिन्न मार्गो में पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था से रू-ब-रू हुईं।

निगमायुक्त द्वारा धंटाघर मार्ग, विजय रोलिंग शटर गली, जालपा माता मंदिर, सोनी मोहल्ला, गौतम गली, पोस्ट आफिस गली, चांडक चौक, आदर्श कालोनी मोड़, ईदगाह परिहसर सहित अन्य मार्गो का भ्रमण कर व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनानें के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई कार्य की गुणवत्ता, कचरा संग्रहण व्यवस्था तथा निर्धारित समय पर कार्य निष्पादन की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया।

वार्ड निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने क्षेत्रीय नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर सफाई व्यवस्था के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान नागरिकों ने कई स्थानों पर नियमित सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया, वहीं कुछ एक स्थानों पर सुधार की आवश्यकता भी बताई जिस पर निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जालपा देवी मंदिर मार्ग के निरीक्षण के दौरान पुरवार आइस फैक्ट्री के सामने पूर्व स्थित पीपल के झाड के पास रोड एवं नाली को दुरुस्त करने, गौतम गली के निरीक्षण के दौरान पेयजल आपूर्ति हेतु नवीन पाइपलाइन विस्तार हेतु खोदी गई सड़क को ठीक करने सहित पोस्ट ऑफिस गली में नीलेश चौदहा जी के मकान के सामने तिराहे पर नाली की टूटी रेलिंग की मरम्मत कराने के साथ ही आदर्श कॉलोनी मोड के पास के नाले की समुचित सफाई कराने के भी निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने नवरात्रि एवं आगामी दिनों में पड़नें वाले अन्य पर्वो पर नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए नगर में विशेष सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतनें और निर्धारित मानकों के अनुरूप सफाई का कार्य सुनिश्चित करनें के निर्देश दिए।

---

### शिक्षक कर्मचारी समस्या निवारण शिविर का आयोजन



बहोरीबंद विकासखंड स्तरीय कर्मचारी एवं शिक्षकों की समस्या निवारण शिविर का आयोजन विकासखंड मुख्यालय बहोरीबंद में शासकीय उत्कृष्ट उत्तर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद आयोजित किया गया है!जिसमें विकासखंड स्तर पर कार्यरत स्कूल शिक्षा विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शिक्षकों की समस्या से संबंधित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में प्राप्त किया जा रहे हैं! विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने बताया कि विकासखंड स्तरीय शिविर का नोडल महेंद्र राय प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद एवं सहायक नोडल अनंत राम प्रजापति को नियुक्त किया गया है!शिविर स्थल पर लिपिक, भृत्य एवं कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। समस्या निवारण शिविर में कर्मचारी एवं शिक्षकों की लंबित क्रमोन्नति ,समयमान वेतनमान, वेतन वृद्धि,सेवा अभिलेखो का आद्यतीयकरण , आगामी 3 वर्षों में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों का वेतन परीक्षण ,वसूली पेंशन आदि से संबंधित समस्याओं के आवेदन पत्र प्राप्त किया जा रहे हैं आज दिनांक तक विभिन्न संकलन से कुल 8 आवेदन पत्र प्राप्त हुए!इस दौरान प्राचार्य महेंद्र राय , अनंत राम प्रजापति, सुरेंद्र कुमार, प्रदीप नायक, जगदीश सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# गुर्गों को उपलब्ध कराता था आईडी, अब तक 3.24 करोड़ के लेन देन की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

फर्जी अकाउंटों के माध्यम से सट्टा कारोबार में करोड़ों रूपये के ट्रांजेक्शन के मामले में माधवनगर पुलिस को बडी कामयाबी मिली है। 'म्यूल अकाउंट' के जरिए शुरू हुई इस जांच ने अब अंतरराज्यीय संगठित अपराध का रूप ले लिया है, जिसके तार छत्तीसगढ़ और उड़ीसा तक फैले हुए हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब माधवनगर पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपी योगेश बजाज से कड़ी पूछताछ की। जांच के दौरान पुलिस को छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित न्यू राजेंद्र नगर जेल में बंद मनीष असरानी के बारे में पुख्ता जानकारी मिली। इसके बाद कटनी पुलिस की टीम रायपुर पहुंची और 11 मार्च को मनीष को रिमांड पर लेकर कटनी आई। पुलिस रिमांड के दौरान मास्टरमाइंड मनीष असरानी ने कबूल किया कि वह मास्टर आईडी के जरिए योगेश बजाज सहित कई अन्य गुर्गों को ऑनलाइन सट्टा संचालन के लिए आईडी उपलब्ध कराता था। इस नेटवर्क के माध्यम से करोड़ों रुपए का अवैध सट्टा कारोबार संचालित किया जा रहा था।

#### 6 बैंक खाते कराये फ्रीज

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए 'म्यूल अकाउंट्स' का सहारा लेते थे। ये ऐसे बैंक खाते होते हैं जो भोले-भाले लोगों के नाम पर खुलवाए जाते हैं, लेकिन इनका नियंत्रण सट्टा संचालकों के पास होता है। साइबर टीम ने 4 बैंक खातों में 3 करोड़ 24 लाख रुपए के अवैध लेन-देन का पता लगाया है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 बैंक खातों को फ्रीज (Hold) करा दिया है। अन्य संदिग्ध खातों की जांच जारी है। थाना प्रभारी संजय दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने इस गिरोह के मुख्य सदस्यों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है, जिनमें योगेश बजाज, मनीष असरानी (मास्टरमाइंड), अवधेश गुप्ता, तरुण मोटवानी शामिल है। पुलिस के अनुसार इस सिंडिकेट का विस्तार मध्यप्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ और उड़ीसा तक है। फिलहाल, पुलिस को 'रोहित' नामक एक अन्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश है, जिसकी गिरफ्तारी के बाद इस नेटवर्क की कुछ और बड़ी कड़ियां खुलने की उम्मीद है।

---

*कांग्रेस जिलाध्यक्ष के सामने हुआ बड़ा खेला, एक दूसरे को देखते रहे*

# जनपद अध्यक्ष बनते ही श्यामा बाई ने बदला दल, कहा भाजपा मेरी पार्टी, कांग्रेस को लगा झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

अविश्वास प्रस्ताव के 366 दिन बाद मंगलवार को रीठी जनपद पंचायत का नया अध्यक्ष निर्वाचित हुआ जिसमें कांग्रेस को बड़ा जोर का झटका लगा। कांग्रेस ने जिस श्यामा बाई जनपद सदस्य को अध्यक्ष पद के लिए अपना समर्थन दिया, वह निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद भाजपा पदाधिकारियों के साथ बाहर निकली। बाहर आते ही श्यामा बाई बोली भाजपा मेरी पार्टी। मौके पर कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नदीम अहमद, महेंद्र जैन मौके पर मौजूद थे। वो कह रहे थे कि श्यामा बाई को कांग्रेस में भरोसा था ओर वे पार्टी की पिछली बैठकों मै शामिल भी हुई थी।

श्यामा बाई का कांग्रेस पर बना भरोसा क्यों टूटा, भाजपा के प्रति वे कब ओर कैसे निष्ठावान हो गईं, इसका जवाब कांग्रेस के पदाधिकारियों के पास नही था।

भाजपा ने खेला करते हुए श्यामा बाई को अपने खेमे मै शामिल कर लिया ओर रीठी में भाजपा का जनपद अध्यक्ष बना लिया वही 366 दिन बाद रीठी जनपद अध्यक्ष की खाली पड़ी कुर्सी श्यामा बाई ने संभाल ली जिसके पास एक ही जवाब था भाजपा मेरी पार्टी।

#### 4 सदस्य रहे अनुपस्थित

15 सदस्यीय रीठी जनपद पंचायत के 11 सदस्यों ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया, 4 सदस्य अनुपस्थित रहे। कांग्रेस के समर्थन से श्यामा बाई का इकलौता नामांकन अध्यक्ष पद प्रत्याशी के लिए निर्वाचन अधिकारी को मिला। भाजपा ने परिणाम की घोषणा होने तक अपने पत्ते छिपाये रखें। श्यामा बाई को कांग्रेस के साथ भाजपा का आंतरिक समर्थन था। यह बात तब सामने आई जब निर्विरोध निर्वाचन के बाद वे भाजपा पदाधिकारियों के साथ बाहर आई। वही अचानक पाला बदला देख वहाँ मौजूद कांग्रेसी हक्का बक्का रह गये।

गौरतलब है कि 17 मार्च 2025 को अविश्वास प्रस्ताव के बाद अर्पित अवस्थी की कुर्सी चली गईं थी तब से रीठी जनपद अध्यक्ष की कुर्सी खाली थी।

#### मुहास मंदिर पहुंची अध्यक्ष

नव निर्वाचित अध्यक्ष श्यामा बाई के बाहर आते ही भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिलाष राय, सरपंच नरेश राय, मयंक कन्देले, विजय पटेल, संतोष मांझी आदि भाजपाइयों ने स्वागत किया। इसके बाद वे भाजपा नेता पप्पू मिश्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मोहास स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंची जहाँ उन्होंने पूजा अर्चना की।

#### इनका कहना है

इस संबंध में कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह का कहना है कि श्यामा बाई कांग्रेस समर्पित थी। कांग्रेस की बैठकों मै शामिल भी होती थी, पिछली बैठक में भी शामिल हुई थी। अचानक श्यामा बाई ने पाला बदला यह समझ से परे है।

वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी का कहना है कि भाजपा की नीति ओर रीति पर श्यामा बाई ने भरोसा जताया जो निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुई। यह पार्टी के नेतृत्व की जीत है।

---

### मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने के दिए निर्देश

# सीईओ ने मेंढ़ों पर डेढ़ किमी पैदल चलकर जल स्रोतों की नब्ज टटोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 को जन आंदोलन का स्वरूप देने जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने बुधवार को विकासखंड कटनी की ग्राम पंचायतों में पहुंचकर निर्मित जल संरचनाओं का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। सुश्री कौर ने दोपहर की चिलचिलाती धूप में ग्राम जरवाही के पगडंडी मार्ग से गुजरते हुए गेहूं की सुनहरी बालियों के बीच ऊबड़ खाबड़ मेंढ़ों पर लगभग डेढ़ किलोमीटर से ज्यादा पैदल चलकर मनरेगा योजना से निर्मित गेबियन, खेत तालाब आदि कार्यों का अवलोकन कर लागत और स्वीकृत राशि आदि की जानकारी ली। उन्होंने कार्य को तकनीकी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने ग्राम जरवाही के मंगल भवन में काफी संख्या में मौजूद जागरूक महिलाओं से आदर्श ग्राम की परिकल्पना करते हुए और क्या क्या आपके गांव में होना चाहिए, इस पर संवाद किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से सुझाव लिये और उनका हौसला बढ़ाया। उपस्थित महिलाओं ने बेहद सहज भाव से हायर सेकेंडरी स्कूल, ग्राम पंचायत भवन,अस्पताल नहीं होने और ठेकेदार द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की टंकी का निर्माण नहीं करने की बात बताई। जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने जल गंगा संवर्धन अभियान को मूर्त रुप प्रदान करने सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पशु नस्ल सुधार, दूध विक्रय से आय,बारिश के पानी को सुरक्षित और संरक्षित करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने ग्राम पंचायत तखला पहुंचकर नवनिर्मित सामुदायिक भवन का अवलोकन किया तथा ग्राम सभा की सहमति से विधि सम्मत कार्यवाही कर जनहित में उपयोग करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत संधारित परियोजना के विषय में जलकर वसूली और ग्रामीणों को पानी की उपलब्धता आदि के विषय में जानकारी ली। इसके बाद आंगनवाड़ी भवन एवं प्राथमिक शाला पहुंचकर नन्हे मुन्ने बच्चों से स्नेह पूर्वक आज आपने क्या खाया... क्या किया...? आदि पूछकर उन्हें स्वच्छ रहने एवं खेलने कूदने के साथ पढ़ने की हिदायत दी। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से भी बच्चों की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी जताई एवं बच्चों के अभिभावकों एवं पालको से संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए। प्राथमिक शाला में छात्र-छात्राओं को परोसे जाने वाले भोजन को देखकर मेन्यू और रसोईयों के पारिश्रमिक भुगतान के संबंध में जानकारी ली।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने हितग्राही गीताबाई द्वारा मनरेगा योजना के अंतर्गत मां की बगिया में लगाई गई फेंसिंग एवं पौधों का अवलोकन कर लागत की जानकारी ली। उन्होंने हितग्राही को पौधों की देखभाल एवं सुरक्षित रखने हेतु निर्देशित किया।

---

# गौवंश की तस्करी पर कंटेनर किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रीठी पुलिस ने अवैध रूप से ले जाए जा रहे 31 नग गोवंश को मुक्त कराया है। तस्करों ने एक बंद बॉडी कंटेनर के भीतर गायों और बैलों को अत्यंत क्रूरतापूर्वक ठूस-ठूस कर भरा था। पुलिस ने वाहन को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बड़े कंटेनर में अवैध रूप से गोवंश की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही रीठी पुलिस की टीम ने 17 मार्च की रात करीब 12:03 बजे ग्राम सिमरा के पास मैदान में घेराबंदी की।

पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी मौके से भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। जब पुलिस ने ट्रक कंटेनर UP 21 BN 5175 की तलाशी ली तो भीतर 31 नग गोवंश गाय, बैल और बछड़े मौजूद थे। पशुओं को बिना चारे-पानी के गर्दन और पैर बांधकर क्रूरतापूर्वक भरा गया था।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन पशुओं को वध या अवैध बिक्री के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। पुलिस ने रेखा बाई और शील चंद (दोनों निवासी तिदनी, थाना शाहनगर) एवं दो अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। सभी पशुओं को सुरक्षित रूप से ट्रक से बाहर निकाला गया और उन्हें पास की गौशाला में उपचार व देखभाल के लिए भेज दिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश करने में जुटी हुई है।

**खबर संक्षेप**

## पड़ोसी विवाद ने लिया हिंसक रूप, महिला से मारपीट और जान से मारने की धमकी

**अमानगंज।** अमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम महेबा में पुरानी रंजिश ने बुधवार सुबह उग्र रूप ले लिया, जब एक पड़ोसी ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बंधौरा निवासी प्रेमलता शर्मा, जो पिछले दो वर्षों से अपने मायके ग्राम महेबा में रह रही हैं, ने अपनी बहन कुमकुम शर्मा के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उनके घर के पास रहने वाले खुल्लू माली ने अपने मकान के सामने सड़क पर सीढ़ी बना ली थी, जिसका उनकी मां ने विरोध किया था। इसी बात को लेकर आरोपी पहले से ही रंजिश रखता था। बुधवार सुबह करीब 6 बजे आरोपी ने उनके दरवाजे पर लात मारकर हंगामा शुरू कर दिया। जब प्रेमलता बाहर आईं, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। विरोध करने पर उन्हें पीठ में कई घूंसे मारे गए। शोर सुनकर उनकी बहन कुमकुम बचाने पहुंची तो आरोपी ने उसे भी धक्का दे दिया। मौके पर मौजूद प्रमोद जोशी और बिट्टी जोशी ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़िता का आरोप है कि जाते-जाते आरोपी ने दोबारा बहस करने पर जान से खत्म करने की धमकी भी दी। मारपीट में प्रेमलता को पीठ में दर्द की शिकायत है, जबकि उनकी बहन को कोई गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, खाट से पटककर की मारपीट, जान से मारने की धमकी

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मडडयन (राजपूत) बाना में पुरानी रंजिश एक बार फिर हिंसा में बदल गई। सुबह-सुबह घर के बाहर सो रहे युवक पर दो लोगों ने हमला कर दिया और मारपीट कर गंभीर चोटें पहुंचाईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृष्णपाल सिंह (30) ने अपनी मां के साथ थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि गांव के ही शिवराज सिंह और लल्लू सिंह से उनका पहले से विवाद चला आ रहा है। घटना बुधवार सुबह करीब 7 बजे की है, जब कृष्णपाल अपने घर के बाहर खाट डालकर सो रहे थे। तभी आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने मिलकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

विभागीय लापरवाही पर उठे गंभीर सवाल

# सुरई ग्राम का अमृत सरोवर अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जनपद पंचायत जबेरा से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत सुरई में स्वीकृत अमृत सरोवर तालाब निर्माण विभाग की उदासीनता का शिकार होकर अधर में लटका हुआ है। जल संरक्षण जैसी महत्वपूर्ण योजना के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है और स्थिति यह है कि तालाब में एक बूंद पानी तक नहीं ठहर पा रहा है। बताया गया है कि 48 लाख 34000 की लागत से 16 अगस्त 2022 को स्वीकृत यह परियोजना 3 मार्च 2023 को प्रारंभ हुई थी लेकिन शुरुआती एक परत के निर्माण के बाद ही काम बंद कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य अपूर्ण होने के बावजूद अधिकांश सामग्री की राशि का भुगतान कर दिया गया है जिससे पूरे मामले में वित्तीय अनियमितता की आशंका गहराती जा रही है। इस मामले में सबसे बड़ा सवाल आर ई एस (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) विभाग की भूमिका पर खड़ा हो रहा है एक महत्वपूर्ण सरकारी योजना की निगरानी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन की जिम्मेदारी विभाग पर थी लेकिन निर्माण कार्य बीच में ही रुक जाना तथा लंबे समय तक किसी भी प्रकार की कोई प्रगति का ना होना विभागीय लापरवाही को उजागर करता है, ना तो कार्य की नियमित मॉनिटरिंग हुई ना ही ठेकेदार एवं एजेंसी पर कोई शक्ति दिखाई गई। जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास के उद्देश्य से शुरू की गई इस योजना का लाभ ना तो किसानो को मिल पा रहा है ना ही क्षेत्र के वन्य जीवों को। समय सीमा की अनदेखी एवंअधूरे कार्य से स्पष्ट है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए एवं यह स्पष्ट किया जाए की अधूरे निर्माण कार्य के बावजूद भुगतान कैसे हुआ साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी की जवाब देही तय की जाकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जिला आर ई एस ई ई अदिति ठाकुर का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है और मैं इसकी जांच करवाऊंगा। ग्रामीणों की मांग है कि केवल जांच का आश्वासन नहीं बल्कि ठोस कार्यवाही एवं समय बद्ध कार्य पूर्णता ही इस योजना को सार्थक बन सकती है।

## नवागत एसडीएम ने ली शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

पुलिस थाना परिसर में नवागत एसडीएम सीजी गोस्वामी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में चैत्र नवरात्रि, ईद, महावीर जयंती एवं आने वाले त्यौहार पर शांति पूर्वक मनाने को लेकर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने नवरात्रि पर साफ-सफाई एवं खेरमाता जाने वाले मार्गो पर विघुत व्यवस्था की बात कही। साथ ही रात्रि में मुख्य सडक मार्ग एवं मंदिर जाने वाले मार्गो की साफ सफाई की जाएं जिससे सुबह श्रद्धालु को धूल से कोई परेशानी न हो। एसडीएम द्वारा नगर परिषद को निर्देश देते हुए कार्यो को पूर्ण करने के लिए कहा गया। आज सुबह समस्त हिंदुओ के द्वारा बाईक रैली निकाली जाएंगी जो राम मंदिर से प्रारंभ होगी एवं समापन बडी खेरमाई में होगा। इसके अलावा चांद दिखने पर ईद 20 या 21 मार्च को मनाई जाएंगी। ईद के दिन मस्जिद में सुबह 9 बजे नमाज अता की जाएंगी। मस्जिद के आसपास साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था के निर्देश नगर परिषद को दिए गए। शुक्रवार को वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर नगर के रेस्टहाउस के एकत्रीकरण होगा एवं सभी लोग रैली के माध्यम से नोहटा प्रस्थान करेंगे। संपूर्ण आयोजन में पुलिस की व्यवस्था रखने के निर्देश एसडीएम के द्वारा दिए गए। बैठक में तहसीलदार विवेक व्यास, थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी, नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी, एई एमएफ अंसारी, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, सांसद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, गोविंद यादव, डां. परम सिंह लोधी, विवेक जैन, चेतन जैन, दीपक कटारे, तेजी सिंह, विदित तोमर, शोएब खान, फिरोज खान के अलावा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विद्युत, पेयजल, सफाई, सुरक्षा व यातायात को दुरुस्त करने के दिए निर्देश....

# सौहार्द्र और भाईचारे से मनाएंगे त्यौहार-तहसीलदार आलोक जैन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

आगामी त्यौहारों पर कानून, शान्ति व्यवस्था एवं सौहार्द बनाये रखने के लिए पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक तहसीलदार आलोक जैन की अध्यक्षता में प्रभारी एसडीओपी सौरभ त्रिपाठी एवं नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक एवं नगर के धर्म गुरुओं सहित नगर की गणमान्यजनों की उपस्थिति में आयोजित कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। बैठक में बताया कि 19 मार्च से 27 मार्च तक चैत्र नवरात्रि के समापन के साथ रामनवमी मनाई जावेगी। वहीं इस दौरान ईदगाह में मस्जिद के सदर यासीन खान ने बताया कि ईद का त्योहार अगर गुरुवार को चांद दिखाई दिया तो शुक्रवार (20 मार्च) को मनाया जाएगा और चांद नहीं दिखाई देने पर ईद उल फितर 21 मार्च को मनाई जाएगी। इसके बाद राम मंदिर कमेटी के सदस्य पवन ठाकुर ने बताया कि 27 मार्च को राम नवमी मनाई जावेगी। वहीं तहसीलदार ने 31 मार्च को महावीर जयंती एवं अप्रैल माह में पड़ने वाले विभिन्न त्यौहारों को लेकर नगर पालिका व पुलिस को दायित्व तय करते हुए निर्देश दिये कि यहां के लोग हर त्यौहार को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाते आ रहे हैं, इसलिए हर त्यौहार पर प्रशासनिक व्यवस्थाएं दुरुस्त रहेंगी। उन्होंने सड़कों को गड्ढामुक्त करने, निर्बाध पेयजल व विद्युत आपूर्ति बनाये रखने, कम ऊंचाई पर लगे तारों की ऊंचाई बढ़ाने, धार्मिक स्थलों के आसपास समुचित सफाई कराने व पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करने के निर्देश दिये। उन्होंने थाना प्रभारी सुधीर बेगी को जुलूस व शोभा यात्राओं के रुट पर यातायात नियंत्रण करने के निर्देश दिये। बैठक में अधिकांश नगरवासियों व प्रबुद्धजनों ने उदय प्रोजेक्ट योजनान्तर्गत खोदी गई सड़कों पर रोष व्यक्त किया, जिस पर तहसीलदार ने नगरपालिका सीएमओ को सड़कें दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि खराब सड़कों की सूची बना ली जाए, जल्द ही इनकी समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने आयोजकों व धर्मगुरुओं को त्यौहारों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी प्रशासन के सहयोगी हैं, प्रशासन को सही जानकारी देना आपका भी दायित्व है, सभी त्यौहार परम्परागत तरीके से मनाये जायेंगे, प्रशासन आपका पूरा सहयोग करेगा, आप भी प्रशासन का सहयोग करें।

### मंदिरों पर जाने वाले रास्तों की सफाई सुनिश्चित की जाए-

चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के अवसर पर मंदिरों के आस-पास, मंदिरों पर जाने वाले रास्तों की सफाई व्यवस्था एवं पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। आवारा पशुओं के विवरण पर रोक लगायी जाये। नवरात्रि में जबारे नदी के घाटों पर विसर्जन किये जाते है जहां पर सफाई व्यवस्था व पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बैठक में नगर की श्री राम गोपाल जी मंदिर महंत श्री श्याम दास जी महाराज, बालाजी मंदिर महंत हरिराम दास जी, वरिष्ठ भाजपा नेता लालचंद खटीक, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक, डॉक्टर सीएल नेमा, डॉ संजय सिंह राजपूत, सुनील राय, पवन सिंह राजपूत, बृजेश गुप्ता, रामनाथ राय, पार्षद राजीव सोनी, यासीन खान, मजीद खान, अंजार खान, रशीद सिद्दीकी, विद्युत मंडल से कनिष्ठ यंत्री राजेश शाह सहित गणमान्य नागरिक पत्रकार उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

मध्य प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया के दमोह नगर आगमन पर गैसाबाद ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेस नेता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव मडियादो क्षेत्र की कांग्रेस नेत्री श्रीमती मंजूलता श्रीवास्तव ने अपने साथियों सहित, पूर्व विधायक भैया अजय टंडन के निज निवास पर पहुंच कर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया से मेल मुलाकात कर संगठन के विषय पर चर्चा करते हुए अपनी बात रखी इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष एवं देवरी विधानसभा के प्रभारी भैया रतन चंद जैन जी की विशेष उपस्थिति रही, पूर्व जिला अध्यक्ष रतन चंद्र जैन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की राहुल भैया से मुलाकात कराई।

# पांच दिन बाद हुई पानी की सप्लाई, पानी गंदा होने से खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर में नर्मदा जल आपूर्ति व्यवस्था एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में है। लगभग पांच दिनों के अंतराल के बाद बुधवार को नगर के विभिन्न वार्डों में नर्मदा जल पहुंचा, लेकिन यह राहत क्षणिक ही साबित हुई। प्राप्त जल न केवल गंदा और बदबूदार था, बल्कि पीने और दैनिक उपयोग के लिए भी पूरी तरह अनुपयुक्त पाया गया। इससे नगरवासियों में भारी आक्रोश और निराशा व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों—दीपक, उत्तम, विशाल और शिवम—ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि "यह कैसा नर्मदा जल है, जो न पीने योग्य है और न ही किसी अन्य उपयोग के लिए सही है।" उनका कहना है कि इस तरह की लापरवाही सीधे-सीधे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। वार्ड क्रमांक 11 निवासी शिक्षक कल चौक से ने बताया कि उनके मोहल्ले में चार दिनों से किसी भी प्रकार का कोई पानी नहीं पहुंचा है जिसके कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ज्ञात हो कि पूर्व में नगर परिषद द्वारा नर्मदा जल और बोरवेल दोनों स्त्रोतों से जल आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा रही थी, जिससे जल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं होती थी। लेकिन लगभग 10 माह पूर्व नगर परिषद ने कई वार्डों में बोरवेल से होने वाली सीधी जल आपूर्ति को बंद कर दी। इसके साथ ही नगर के कुछ वार्ड क्रमांको में नगर परिषद की सप्लाई जारी है साथ ही लगभग 80% नागरिक पूरी तरह नर्मदा जल पर निर्भर हो गए हैं। पिछले लगभग 15 दिनों से नर्मदा जल आपूर्ति में लगातार समस्याएं सामने आ रही हैं। कई स्थानों पर गंदा और दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है, जिससे लोग मजबूरी में वही पानी उपयोग करने को विवश हैं। यह स्थिति संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ा रही है। नगर परिषद के कर्मचारी एवं अधिकारी भी इस समस्या को लेकर असहाय नजर आ रहे हैं। जल आपूर्ति में दबाव (फोर्स) की समस्या, पाइपलाइन की खराबी तथा उचित रखरखाव की कमी को इस अव्यवस्था का प्रमुख कारण माना जा रहा है। नागरिकों का आरोप है कि जब से नर्मदा जल लाइन शुरू हुई है, तब से ही पानी की समस्या और अधिक बढ़ गई है।नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, बोरवेल आपूर्ति को पुनः शुरू किया जाए तथा नर्मदा जल की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को राहत मिले।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम सी.जी. गोस्वामी ने कहा है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और शीघ्र ही जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। यदि बुधवार को गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंचा है तो मैं इस संबंध में जानकारी लेता हूं क्योंकि यह जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है।

## प्रस्फुटन समितियों को संभाग समन्वयक और जिला समन्वयक ने दिया प्रशिक्षण



**दमोह।** म.प्र. जन अभियान परिषद् के मार्गदर्शन में कुन्डलपुर सेक्टर के ग्राम बिलगुवां मे नवांकुर संस्था जय माँ लक्ष्मी ग्रामोत्थान समिति पटेरिया ने प्रस्फुटन समितियों का सेक्टर स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलगुवां सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सचिव ने की कार्यक्रम में ग्राम कुन्डलपुर, सिंगपुर, बिलगुवां, बिछिया, सगोनी उपाध्याय, प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष-सचिव-सदस्यो का प्रशिक्षण हुआ जिसमें ब्लॉक पटेरा समन्वयक हरीश पान्डेय, नवांकुर अध्यक्ष मुलाम राय, मुन्ना अवधिया, भूपेंद्र चौहान, मनमोहन खंगार, रोहित सिंह, सुरेन्द्र बर्मन,उम्मेद यादव,कडोरी यादव, दौलत नामदेव, हेमन्त राय, परामर्शदाता विजय ताम्रकार व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, व आशा कार्यकर्ता व ग्रामीणों की मौजूदी रही। प्रशिक्षण में संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया जी ने कहा कि वर्तमान समय में लोग अपने तक सीमित हो गए हैं, जबकि प्रस्फुटन समितियों का गठन समाज और गांव के समग्र विकास के लिए किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह समझना है कि हमें क्या कार्य करना है, क्यों करना है और कैसे करना है। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, नशामुक्त भारत अभियान एवं जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रशिक्षण दिया गया जिसके बाद जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर एवं नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में गांवों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए सभी को मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आभार मुलाम राय द्वारा व्यक्त किया गया।

## विद्युत विभाग द्वारा की गई कुर्की की कार्यवाही मोटर साइकिल की कुर्क

**सिंग्रामपुर।** दमोह अधीक्षण अभियंता अमित चौहान एवं कार्यपालन अभियंता एम एल साहू के निर्देशन में वितरण केंद्र जबेरा के प्रभारी महेश कुमार महतो के द्वारा राजस्व वसूली के दौरान ग्राम गेहलपुरा में रामदयाल /भगत वर्मन बकाया राशि 10250 , ग्राम सुनकड मे नंद लाल/ कोदू यादव बकाया राशि 11245 ,ग्राम सुनवराह मे कोदू / जुगराज चमार बकाया राशि 9830, ग्राम सागोडी कला में लाडली बाई /जवाहर धनगर बकाया राशि 14044 , सलैया बड़ी में रामकिशन/रामदास अग्रवाल बकाया राशि 10050, मिलन सिंह / अनारी सिंह बकाया राशि 8940 रूपये होने पर कुर्की की कार्यवाही करते हुए एक एक मोटर साइकिल जप्त की गई। विभाग ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में यह अभियान तेज कर दिया है। गली-गली और गांव-गांव में अनाउंसमेंट के माध्यम से उपभोक्ताओं को समय पर बिजली बिल जमा करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिजली बिल जमा करें। उन्होंने कहा कि बिजली की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की जिम्मेदारी है। साथ ही उपभोक्ताओं का दायित्व है कि वे समय पर भुगतान कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी । राजस्व वसूली में कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो ,आशिक खान ,द्वारका पटेल , दशरथ पटेल, गोविंद पटेल ,रवि पटेल , सचिन रैकवार , कौशलेंद्र सिंह (हल्के) , समीर खान नारायण रजक की मुख्य भूमिका रही।

## नववर्ष विक्रम संवत एवं गुड़ी पड़वा पर भव्य आयोजन आज

**दमोह।** विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत भारत के पारंपरिक नववर्ष विक्रम संवत , गुड़ी पड़वा के अवसर पर 19 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, दमोह में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दमोह विधायक जयंत मलैया करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दमोह सांसद राहुल सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, हटा विधायक उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, उपाध्यक्ष डॉ. मंजू धर्मेन्द्र कटारे एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का मंचन भी किया जाएगा, जिससे उपस्थित जनों को भारतीय संस्कृति एवं इतिहास की गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराया जाएगा।

## दूध डेयरी एवं मिठाई दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर अनिल कुमार राठौर के निर्देशो के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा बटियागढ़ स्थित दूध डेयरी एवं मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। दमोह रोड स्थित राधे राधे डेयरी संचालक राममिलन यादव अनुज यादव द्वारा ग्रामवासियों को मिलावटी दूध विक्रय किए जाने की जनशिकायत की गई थी। शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए राधे राधे डेयरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परिसर से गाय भैंस मिश्रित दूध के नमूनें जांच हेतु लिए गए। मौके पर दूध डेयरी में कार्यरत कर्मचारियों के एनुअल मेडिकल सर्टिफिकेट,पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट एवं फॉस्टेक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट नहीं पाए गए। फूड हैंडलर्स द्वारा एप्रन एवं हेड कवर का उपयोग करते हुए नहीं पाया गया। धारा 32 के तहत नोटिस जारी किया गया। इसी तरह बस स्टैंड बटियागढ़ स्थित श्री बालाजी बीकानेर स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित पनीर एवं मिल्क केक स्वीट के नमूने जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर मैजिक बॉक्स की सहायता से दूध,दही,पनीर,बेसन लड्डू, मोतीचूर लड्डू,मिल्क केक,रबड़ी,खोवा,बर्फी एवं लस्सी की जांच की गई।

## कुण्डलपुर में मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर निर्वाण लाडू चढ़ाया

**कुण्डलपुर।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के 14वें तीर्थंकर भगवान अनंतनाथ जी का ज्ञान व मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं 18 वें तीर्थंकर भगवान श्री अरनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, ऋद्धि कलश,पूजन, विधान हुआ । अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण कांड पाठ के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धि कलश ,निर्वाण लाडू अर्पित करने का सौभाग्य बाहुबली करप्पा पाटिल मुकांति त्रिगोडोली तालोक कितूर कर्नाटक, पं. बाबूलाल अनुज सोना देवी संजीव आर्जव डॉ. अशोक डॉ. विनोद जैन अनुज परिवार बंडाबेलई, स्व. रमेश चंद स्मृति में सुरेशचंद्र रवि राजश्री विकास जैन परिवार फिरोजाबाद ,पन्नालाल मुन्नालाल जैन बघरा परिवार जबलपुर, अनिकेत वीना रिद्धि जयकुमार जैन दिल्ली, भागचंद नीतेश निकलेश श्रुति शालिनी जैन गढ़ाकोटा, अशोक सेठी कैलाश पहाड़े हैदराबाद ,तनिष्का जितेंद्र शैलेंद्र अभिनव सुलोचना रीना मुरैना, दिलीप यश समर्पित युवराज जैन अशोकनगर, वीरेंद्र राजीव संजीव प्रवीण बड़कुल ईसागढ़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने सौभाग्य प्राप्त किया। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती हुई।

## नशामुक्त मैराथन दौड़ का आयोजन



**दमोह।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन शक्तिकरण विभाग भोपाल के मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था द्वारा नशामुक्त मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से नितिन पटेल, समग्र सुरक्षा अधिकारी, गगन कनौजिया जिला क्रीड़ा अधिकारी व हर्षा दुबे खेल प्रभारी सी.एम.राइज स्कूल एवं वंदना जैन ब्लॉक समन्वयक जनअभियान परिषद ने हरी झंडी दिखा कर मैराथन दौड़ का आरंभ किया जो कलेक्ट्रेट परिसर से नव जागृति स्कूल होते हुए किल्लाई नाका शासकीय सांदीपनि विद्यालय मे समापन हुआ व जिन प्रतिभागीयो ने दौड़ में भाग लिया उनको पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साह वर्धन किया इस कार्यक्रम में के.के.यादव सर, गौतमी ताम्रकार, अंकित मिश्रा, श्रीकांत सेन, मोहित आठ्या, दयाराम पटेल, नरेंद्र तिवारी, कृष्ण कुमार शर्मा, रतन सिंह, देवेंद्र कुशवाहा, गोविंद पटेल, जागेश्वर पटेल, नारायण यादव, अरुण तिवारी, जसवंत लोधी, सतीश राठौर, शशांक चौराहा, प्रिंस लोधी, राजा पांडे, नारायण यादव, हर्ष कुर्मी, मोहित ठाकुर, नील चौधरी, मीत, प्रियांशु अहिरवार आदि की उपस्थिति रही व आभार जितेंद्र राजपूत ने माना।

**खबर संक्षेप**

## खुशी आदर्श का हुआ नवोदय वमें चयन

**दमोह।** खुशी ने 95 % के साथ यह नवोदय परीक्षा पास की है। लगभग 5000 बच्चों में से खुशी का चयन हुआ है, इनके पिताजी डॉ मनोज कुमार अहिरवार कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह में और माताजी जयंती प्रेमी शासकीय शिक्षक हैं। खुशी की बड़ी बहन पहले से ही नवोदय विद्यालय हटा में कक्षा 9 में अध्ययन कर रही हैं। नवोदय विद्यालय वर्तमान में अच्छी शिक्षा के साथ-साथ, व्यक्तित्व विकास और खेल कूद, सांस्कृतिक क्षेत्र में अच्छी शिक्षा प्रदान करते है, इनके चयन में धर्म सिंह राजपूत और खुशी के केंद्रीय विद्यालय हटा के सभी शिक्षको का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं।

## इग्नू के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 मार्च

**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स ज्ञानचन्द्र श्रीवास्तव शाासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में संचालित इन्दिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 मार्च से बढ़ाकर 30 मार्च 2026 की जा चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 मार्च 2026 तक इग्नू के स्नातक/स्नातकोत्तर के वार्षिक पाठ्यक्रमों में पर जाकर ऑनलाइन इग्नू की वेबसाइट प्रवेश ले सकते है, प्राचार्य डॉ आलोक कुमार जैन ने बताया की उक्त पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय के इग्नू केन्द्र में समन्वयक डॉ. के. के. कोरी सहायक प्राध्यापक गणित तथा सदस्य डॉ. बी.डी. रैकवार एवं डॉ. मंगल सिंह अहिरवार से सम्पर्क किया जा सकता हैं।

## बाल एवं श्रम श्रम टास्कर फोर्स समिति द्वारा किया गया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टकर अनिल राठौर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत गठित बाल एवं श्रम श्रम टास्का फोर्स समिति द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान रेवा कार सर्विस सेंटर एवं चाय अडडा पर एक-एक किशोर श्रमिक पाये गये। बालकों को बाल कल्यायण समिति के समक्ष प्रस्तु त किया श्रम विभाग द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जांच कार्यवाही प्रचलन में हैं। बाल श्रम अभियान के दौरान बाल श्रम नोडल अधिकारी राहुल कुर्मी, प्र. सहा. श्रम पदाधिकारी पूजा अवस्थीा, श्रम निरीक्षक स्वा ति राज, बाल कल्यांण समिति अध्यभक्ष दीपक तिवारी, बाल संरक्षण अधिकारी अखिलेश चौबे, पुलिस विभाग आरक्षक बेनी प्रसाद, जन साहस से राम कृष्णस यादव एवं मुकेश नवीन मौजूद रहे।

### शिकायतों पर कड़ी नजर रखने के बाद निर्देश सीएमओ व जल निगम के अधिकारियों को दिए

# दूषित पानी की शिकायत के बाद प्रशासन की टीम ने लिया जायजा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा**

पटेरा नगर में संचालित नल जल योजना से दूषित पानी आने व बीमारी फैलने की शिकायत जिले के प्रभारी कलेक्टर को मिलने के बाद उनके द्वारा दिए गए निर्देशों के फलस्वरूप आनन फानन में प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौका पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। एस डी एम राकेश मरकाम भी पटेरा पहुंचे एवं मौका मुआयना कर सम्पूर्ण कार्यवाही का अवलोकन कर प्राप्त रिपोर्टों व प्रतिवेदन के आधार पर चल रही शिकायतों पर कड़ी नजर रखने के बाद निर्देश सीएमओ व जल निगम के अधिकारियों को दिए। पीएचई विभाग द्वारा भी पानी का सैंपल लिया गया जिसकी जांच गुरुवार को होगी। नगर परिषद पटेरा में दूषित पेयजल आपूर्ति से फैल रही बीमारियों की गंभीर शिकायतों के बाद बुधवार को प्रशासनिक अमला मैदान में उतरा। सीएम हेल्पलाइन और वार्ड पार्षदों के कड़े विरोध के बाद तहसीलदार उमेश तिवारी, सीएमओ प्रेम सिंह चौहान और बीएमओ डॉ. बागरी ने प्रभावित क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पटेरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर और पटवारी धर्मेंद्र भी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों की टीम ने जल निगम की पाइपलाइन और भंडारण केंद्रों का जायजा लिया। नगर परिषद के इंजीनियर नितिन सेनडे द्वारा पानी के सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी गई थी, जिसकी पुष्टि अधिकारियों ने की। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद और वार्डवासियों ने अधिकारियों को बताया कि वार्ड नंबर 7 के संतोष अहिरवार सहित वार्ड नं 2 के लोग पानी से बीमारी कई लोग उल्टी-दस्त के कारण गंभीर रूप से बीमार हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम की लापरवाही से गंदा पानी घरों तक पहुँच रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पेयजल वितरण में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल पूरे नगर में दहशत का माहौल है और लोग पानी उबालकर पीने को मजबूर हैं।

# अंधे हत्याकांड का हुआ खुलासा

**दमोह।** जिले के देहात थाना में ग्राम हथना में होली के दिन हुई चंदू रैकवार की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। बताया जा रहा है कि होली के जश्न के दौरान हुए विवाद में यह हत्या की गई थी। घटना दिनांक 4 मार्च 2026 को लाल टोरिया बालाकोट रोड के पास एक शव होने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को मामला हत्याका होने की पुष्टि हुई और पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की। पुलिस ने मृतक के भाई मोहन रैकवार की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता के चलते पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की सूचना देने वाले के लिए 10 हजार के इनाम की घोषणा भी की थी। मामले की विवेचना के दौरान घटना दिनाँक समय घटना स्थल पर कुछ व्यक्तियो के द्वारा होली का त्यौहार मनाने लोगो के कपडे फाडने की बात संज्ञान में आने पर घटना स्थल की ओर जाने वाले सभी रास्तो में लगे सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये गये, एवं संदेहियों से पूछताछ, सायवर सेल एवं मुखबिर तंत्र की मदद से अज्ञात आरोपियो तक पहुँचने में सफलता प्राप्त हुई है। अभी प्रकरण में 05 आरोपियो की गिरफ्तारी की जा चुकी है तथा एक विधिविरूद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया। तकनीकी साक्ष्यों के मिलान के बाद पुलिस ने आरोपियों तक पहुंची और मामले में शामिल शिवम पिता हरीराम विश्वकर्मा 21 वर्ष निवासी पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे, पप्पू पिता कोमल आदिवासी 19 वर्ष निवासी ग्राम एरोरा, अरविन्द पिता करन चढार 24 वर्ष निवासी जबलपुर, अभय पिता केशव प्रसाद शक्ला 20 वर्ष निवासी जबलपर नाका, लकी यादव पिता स्व. नंदन यादव उम्र 22 साल निवासी एरोरा को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी निरीक्षक अमित गौतम थाना प्रभारी दमोह देहात, उनि रोहित द्विवेदी, उनि प्रियंका पटैल, सउनि अक्षेन्द्र नाथ, प्र.आर. सचिन, प्रआर. डेलन, प्र. आर. अलोक, प्र.आर.. भानूत्र प्र.आर अजय पटैल, आर. विमल, आर, रूपेश, आर. आर.के. आरक्षक गौरव आर. अजय आर. प्रताप, आर. यशवंत थाना दमोह देहात प्र.आर. राकेश अठया, प्र.आर. सौरभ टंडन, आर. मयंक आर. रोहित,, सायवर सेल दमोह एवं थाना दमोह देहात के अन्य स्टाप की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

## त्यौहारों पर पशुवध गृह एवं मांस, मछली विक्रय की दुकानों का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा

**दमोह।** खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुए पशु मास तथा मछली को विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया हैं। इसी क्रम में विशिष्ट अवसरों पर स्थानीय निकायों की सीमाओं में स्थित समस्त पशुवध गृह एवं मांस बिक्री की दुकाने बंद रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दमोह ने बताया माह मार्च, अप्रैल एवं मई 2026 में आने वाले त्यौहारों/पर्व पर दमोह जिला की राजस्व सीमा में स्थित समस्त पशुवध गृह एवं मांस, मछली विक्रय की दुकानों का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। इसी क्रम में 19 मार्च 2026 दिन गुरूवार को चैत्र नवरात्रि प्रारंभ, गुड़ी पड़वा, 20 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को झूलेलाल जयंत्री (चैती चांद), 27 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को राम नवमी, 28 मार्च 2026 दिन शनिवार को जवारे विसर्जन, 31 मार्च 2026 दिन मंगलवार को महावीर जयंती, 02 अप्रैल 2026 दिन गुरूवार को हनुमान जयंती, 14 अप्रैल 2026 दिन मंगलवार को डॉं. अम्बेडकर जयंती, वैषाखी, 20 अप्रैल 2026 दिन सोमवार को अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती तथा 01 मई 2026 दिन शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा त्यौहार होंगे। उन्होंन कहा उपरोक्त संबंध में आदेश का उल्लंघन दृष्टिगत होता है तो दमोह हेल्पलाईन नम्बर 07812-350300 में शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। उक्त शिकायत तत्काल संबंधित नगरीय क्षेत्र के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को प्रेषित की जायेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत प्राप्त शिकायत पर "पशुवध गृह एवं मांस, मछली विक्रय की दुकान" को तत्काल बंद कराकर नियामनुसार दण्डात्मक कार्यवाही करेंगे। इस कार्य में आवश्यकता होने पर राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग से सहायता ली जा सकेगी।

# पात्र उपभोक्ताओं को मार्च व अप्रैल का एकमुश्त मिलेगा राशन

### खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संचालनालय ने किया आदेश जारी

**हटा।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पात्र परिवारों को मार्च माह से 2 माह का एक मुश्त राशन दिया जाएगा। जिससे राशन पाने वाले हितग्राहियों को मार्च-अप्रैल एवं दूसरी बार मई-जून का राशन एक साथ मिलेगा। यह निर्देश खाद आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने पत्र क्रमांक 1506 भोपाल, दिनांक 11 मार्च को जारी किए हैं। अभी तक पात्र परिवारों को उचित मूल्य दुकान से हर माह राशन लेने के लिए जाना होता था। प्रदेश सरकार ने अब गर्मी के मौसम को ध्यान रखते हुए पात्र परिवारों को एक मुश्त दो माह का राशन एक साथ देने का निर्णय लिया है। पात्र हितग्राही 10 मार्च से 15 अप्रैल तक मार्च एवं अप्रैल का राशन एक साथ शासकीय उचित मूल्य कि दुकान से प्राप्त कर सकेंगे।

### मई, जून में भी ऐसा ही होगा

विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत उक्त दोनों महीनों मार्च एवं अप्रेल के उपरान्त 01 मई 2026 से 31 मई 2026 के बीच मई एवं जून दोनों महीनों का भी इकट्ठा राशन भी जिले के पात्र उपभोक्ताओं को किया जाएगा। सरल शब्दों में कहें तो मार्च में अप्रेल का भी एवं मई में जून का भी राशन संबंधित उपभोक्ताओं को प्रदाय होगा। इसकी जानकारी आमजनो तक पहुंचाने के लिए सभी उचित मूल्य की दुकानों पर फ्लेक्स और बैनर लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। हटा नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के विक्रेताओं ने पात्र हितग्राहियों से राशन उठाने की अपील शासन के निर्देश प्राप्त होते ही नगर परिषद क्षेत्र के समस्त शासकीय उचित मूल्य कि दुकानों के विक्रेताओं ने अपने-अपने क्षेत्र के सभी हितग्राहियों को मैसेज, फोन, सोशल मीडिया, के माध्यम से सभी पात्र हितग्राहियों को शासन के निर्देशों का पालन कराते हुवे जानकारी पहुंचाना प्रारंभ कर दिया है।

### यह है कारण-

दरअसल, जिले सहित पूरे प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य आने वाले दिनों में होना है। चूंकि, पहले से ही सभी गोदाम गेहूं से भरे पड़े हैं इसलिए शासन पहले इस गेहूं को उपभोक्ताओं को वितरित करवाते हुए आ रही फसल गोदामों में सुरक्षित रखेगा। यद्यपि, आदेश में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है।

## शीतला माता मंदिर से आभूषण व छत्र चोरी

**पटेरा।** पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम बमनपुरा में मुख्य सड़क से थोड़ी दूरी पर स्थित मां शीतला माता के मंदिर से दिन दहाड़े ताला तोड़कर चोरों ने आभूषण सहित छत्र चोरी करने की जानकारी से ग्राम व समीपी क्षेत्र में हड़कंप व्याप्त है। पटेरा पुलिस थाना को जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने पहुंच कर स्थल निरीक्षण कर कैमरे की फुटेज लेकर विवेचना शुरू कर दी है। एफएसएल टीम ने भी पहुंच कर अपनी कार्यवाही की। थाना प्रभारी श्री गुर्जर ने शीघ्र ही चोरी पकड़े जाने आश्वस्त किया है। ग्राम के पूर्व उपसरपंच व माता के भक्त अमर सिंह राजपूत ने बताया कि मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे दो युवक ताला तोड़कर अंदर गए व माता की पूजा अर्चना की ऐसे फुटेज मिले है। कैमरा की जानकारी के बाद कैमरा बंद कर चोर मां के गले का हार व छत्र चुरा कर ले गए। हालांकि चोर हड़बड़ाहट में भागे हैं क्योंकि अनेक आभूषण वो छोड़ गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आपत्तिजनक रील डालने वाला गिरफ्तार

**पटेरा।** पटेरा थानांतर्गत एक युवक द्वारा धर्म विरोधी रील सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंदु संगठनों ने पुलिस को आवेदन देकर शिकायत की थी एवं युवक पर सख्त कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस को आवेदन में बताया गया था कि पटेरा नगर के वार्ड क्रमांक 13 निवासी समीर खान नामक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर खुलेआम हिंदुओ के विरूद्ध रील वायरल की है जिससे लोगो में आक्रोश है। पूर्व में भी युवक ने ऐसा कृत्य किया था। थाना प्रभारी ने संज्ञान लेते हुये प्रकरण दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# पेड़ से प्रगट हुई मां बलखण्डनः आस्था का अद्भुत धाम है यह मंदिर

**बनवार/दमोह।** जिले के बनवार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दिनारी के ग्राम दसोन्दी में स्थित मां बलखण्डन (खेर माता) धाम आज श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। मान्यता है कि यहां माता स्वयं एक पेड़ से प्रगट हुई थीं, जिसके बाद से इस पावन स्थल की महिमा दूर-दूर तक फैलती चली गई।

### पेड़ से प्रकट हुई मां, बढ़ती गई आस्था

बताया जाता है कि पहले यह स्थान केवल नवरात्रि के दौरान ही लोगों की आस्था का केंद्र था। लेकिन समय के साथ यहां मांगी गई हर मन्नत पूरी होने लगी, जिससे माता की ख्याति गांव से निकलकर पूरे दमोह जिले और आसपास के क्षेत्रों तक पहुंच गई।





इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से यहां भव्य मंदिर का निर्माण किया गया।

### चैत्र नवरात्रि में लगता है आस्था का मेला

हर साल चैत्र नवरात्रि के दौरान यहां हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। भक्त माता के दरबार में जवारे (घट) लेकर अपनी आस्था प्रकट करते हैं। खासतौर पर नवमी के दिन दूर-दूर से श्रद्धालु दंडवत यात्रा करते हुए माता के दरबार पहुंचते हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग जाता है। यहां की सबसे खास मान्यता यह है कि माता के दरबार में मांगी गई हर सच्ची मन्नत पूरी होती है। मन्नत पूरी होने पर भक्त पुनः यहां आकर घट चढ़ाते हैं और माता का आभार व्यक्त करते हैं। नवरात्रि के समय यह स्थान एक विशाल धार्मिक मेले का रूप ले लेता है, जहां हजारों की भीड़ उमड़ती है। चारों ओर गूंजते जयकारे और भक्ति का माहौल इस धाम को और भी दिव्य बना देता है। कुल मिलाकर, मां बलखण्डन धाम आज सिर्फ एक मंदिर नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और चमत्कारों का जीवंत प्रतीक बन चुका है।

# रफ्तार का कहरः अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दूसरा जिंदगी की जंग में जूझ रहा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा**

जनपद पंचायत जबेरा के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनवार चौकी के घटेरा के पास मंगलवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां 19 वर्षीय अजय सिंह की हालत अत्यंत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जबलपुर रेफर कर दिया। लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था—अजय ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं दूसरा युवक, अभिषेक, अभी भी जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। उसका इलाज जारी है और उसकी भी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आसपास के साक्ष्यों और जानकारी के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।



### सवालों के घेरे में सड़क सुरक्षा

इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर कब तक तेज रफ्तार और लापरवाही की वजह से निर्दोष लोगों की जान जाती रहेगी?
स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है और प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है। परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ अजय की असमय मौत ने उसके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। एक युवा जिंदगी का यूं ही अचानक खत्म हो जाना न केवल परिवार, बल्कि पूरे इलाके के लिए दुखद है।

### जांच जारी, इंसाफ का इंतजार

पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस मामले में तेजी दिखाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिला पाता है, या यह घटना भी कई अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगी।

# बुधवार को भी नहीं हो पाई परिषद की स्थगित बैठक

### पदाधिकारियों व पार्षदों ने किया बहिष्कार

**पटेरा।** पटेरा में नगर परिषद के पदाधिकारियों व पार्षदों द्वारा मंगलवार की स्थगित बैठक बुधवार को भी नहीं हो पाई। सभी ने बहिष्कार कर दिया। सीएमओ प्रेम सींग चौहान व अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पार्षदों के बीच गहराया मतभेद सुलझता नजर नहीं आ रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वितीय डीपीआर की सूची को लेकर चल रहे आरोपो के बीच बातचीत तो जारी है। इसके सुलझने के बाद भी दबी जबान से होने लगी है। बजट को लेकर होने वाली बैठक न होने पर सीमओ प्रेमसींग का कहना है कि उन्हे जो अधिकार है उसके तहत स्वीकृत कर शासन को प्रेषित किया जायेगा। बैठक न हो पाने को लेकर पार्षदों व पदाधिकारीयों का आरोप सीएमओ की कार्यप्रणाली को लेकर ही है। देखना है कि अधिकारी व नेता क्या रूख अख्तियार कर सुचारू संचालन कराते है।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसजनों से की मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं वर्तमान विधायक अजय सिंह राहुल भेया का आगमन जिला कांग्रेस कार्यालय दमोह में हुआ इस उपलक्ष्य में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानक पटैल, पूर्व विधायक अजय टंडन एवं पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया वहीं कार्यालय में कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुये अजय सिंह ने कहा कि सभी कांग्रेस जनों को एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत करना होगा तथा भाजपा की जन विरोधी नीतियों का जमकर विरोध करना होगा जिससे भविष्य में आमजन का विश्वास कांग्रेस के प्रति और मजबूत हो सके तथा कांग्रेस की सरकार बने।

जिला अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि स्व. श्री अर्जुन सिंह का पूरा राजनीतिक जीवन अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लोगो के उत्थान के लिये समर्पित रहा। उन्होने हमेशा यह माना है कि जब तक समाज का आखिरी व्यक्ति सशक्त नहीं होगा तब तक देश की प्रगति अधूरी है। उन्होने मुख्य मंत्री के रूप में ऐसी कई योजनायें शुरू की जिससे गरीबों के जीवन में भारी बदलाव आया। उन्होने कहां कि जिस प्रकार स्व. अर्जुन सिंह जी का प्रेम स्नेह व मार्गदर्शन दमोह जिले के लोगो को मिला वैसा ही प्रेम स्नेह व मार्गदर्शन अजय सिंह (राहुल भैया) का मिलता रहेगा। पूर्व विधायक अजय टंडन ने स्व. श्री अर्जुन सिंह जी द्वारा भारत के विकास में किये गये कार्यो पर प्रकाश डालते हुये उन्हे स्मरण किया। इस अवसर पर कांग्रेस के भूतपूर्व नेताओं के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये उन्हे नमन किया। कार्यक्रम में आये समस्त कांग्रेसजनें का आभार संगठन मंत्री नितिन मिश्रा ने किया।



इस अवसर पर दमोह कांग्रेस जिला अध्यक्ष मानक पटेल,पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रदेश महामंत्री महेन्द्र सिंह चौहान पूर्व विधायक प्रताप सिंह, पूर्व विधायक स्नेह सलिला हजारी, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष रूद्र प्रताप सिंह, पूर्व कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी राव बृजेन्द्र सिंह, प्रदीप खटीक, वीरेन्द्र दबे, तिलक सिंह, लक्ष्मण सिंह, संजय चौरसिया, लाल चंद राय, प्रदीप पटेल, परम यादव, राव लाखन सिंह, राशू चौहान, निधि श्रीवास्तव, रजनी ठाकुर, गीता लोधी, संध्या लोधी, मंजूलता श्रीवास्तव, विक्रम ठाकुर, पप्पू कसौटिया, रफीक खान, जीशान पठान, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष ओ.पी. शर्मा, नीलेश यादव, मोहन आदिवासी, संतोष रजक, डालचंद कुशवाहा, योगेश सराफ, योगेश पटेल, एम एम राही, नन्दे लाल चौरसिया, सतीश लोधी, आशाराम चौधरी, नितिन ताम्रकार, प्रदीप पटैल, रत्नेश सोनी, ऋषभ सिंघई, तुलाराम यादव, रोहन पाठक, डी पी पटैल, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरेशी, गोविन्द तिवारी, ब्लॉक, मंडलम, विंग प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों सहित समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में दो घायल एक जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को थाना क्षेत्र के अंतर्गत झलौन धनेटा मार्ग पर शाम 7 बजे दो बाइकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है इस हादसे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिसमें एक व्यक्ति को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार प्रकाश पिता रम्मू गोंड उम्र 40 वर्ष निवासी सनाई बोरिया थाना तारादेही इस्राईल खान पिता इस्राईल खान उम्र 30 वर्ष निवासी धनेटा थाना तेंदूखेड़ा है दोनों बाइक सवार की जोरदार भिड़ंत में घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़े हैं जिसके कारण राहगीरों द्वारा घायलों को अलग-अलग वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से प्रकाश पिता रम्मू गोंड को गंभीर चोटे आने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया वहीं घायल इस्राईल खान का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।